an>

Title: Need to provide reservation to children belonging to Other Backward Classes in admission to Kendriya Vidyalayas.

श्री राजकुमार सैनी (कुरूक्षेत्र) : माननीय उपाध्यक्ष जी, आज मैं आपके सामने इस सदन के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालयों में पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की मांग करता हूं। केन्द्रीय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की एक रूप शिक्षा व्यवस्था पूरे देश में करना है। हमारे देश में सैनिक छावनियों या सार्वजनिक उद्यम संस्थान कितने ही दूरदराज क्षेत्रों में हों, वहां केन्द्रीय विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा की समुचित व्यवस्था की जा रही है। परन्तु केन्द्रीय विद्यालयों में व अन्य सरकारी विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक संस्थानों की अपेक्षा पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं है। यह सभी जानते हैं कि केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु अत्यधिक प्रतिस्पर्धा रहती है जिसमें पिछड़े वर्ग के छात्र एवं छात्राएं पिछड़ जाते हैं। ...(व्यवधान)

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जिस प्रकार सभी सरकारी विश्वविद्यालयों व औद्योगिक संस्थानों में पिछड़े वर्ग के छात्रों को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है उसी के अनुरूप केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु पिछड़े वर्ग के छात्रों को आरक्षण का प्रावधान किया जाए।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Ramdas C. Tadas

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Mullappally Ramachandran

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri M.I. Shanavas

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri P. Nagarajan

...(*Interruptions*)